
Dr. Juneja's डा.ऑर्थो
All day wear Acupressure
Slippers
Relieves foot discomfort
Soft EVA Material
Durable by Design
MRP ₹495 20% DISCOUNT
यहाँ से खरीदें amazon | Flipkart | blinkit | zepto
Contact For Dealership: 85588 07777 • dealership@divisa.in

कचहरी के बाहर गरजा बुलडोजर, वकीलों से नोकझोंक

सड़क किनारे से 22 अस्थायी अतिक्रमण हटवाए, लकड़ी व टिनशेड की 10 पेटियां पलटाई

संवाद न्यूज एजेंसी

कानपुर देहात। माती में कचहरी के बाहर शुक्रवार को अस्थायी अतिक्रमण पर बुलडोजर गरजा। मामूली विरोध के बीच कुल 22 अतिक्रमण ढहाए गए। लकड़ी और टिनशेड की 10 पेटियां पलटाई गईं। एक वकील का अस्थायी चैंबर हटाने के दौरान नोकझोंक हुई। विरोध के बीच चैंबर के ऊपर रखा टट्टर तोड़वा दिया गया। चैंबर हटाने की रजामंदी पर मोहलत दी गई।

माती कचहरी के बाहर की तरफ सड़क से लगी कच्ची पटरी पर करीब 200 मीटर लंबाई में लकड़ी या टिनशेड की पेटी रखकर दुकानदारों के कब्जा कर लेने से वादकारियों के वाहन आदि खड़े होने की जगह नहीं बचती है।

इधर, यहां भीड़भाड़ की वजह से पूरे दिन रुक-रुक कर जाम लगने की समस्या बने रहने पर करीब दो माह पूर्व नगर निकाय प्रशासन की ओर से कब्जेदार चिह्नित किए गए। 22 दुकानदारों को नोटिस दी गई। सात दिन की मोहलत दी गई थी, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया।

बीते सप्ताह बैठक कर अल्टीमेटम दिया गया था। इसके बाद डुग्गी मुनादी भी कराई गई। शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तय की गई तो दुकानदारों ने पेटियों से सामान तो हटा लिया, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया। पेटियों में ताला डालकर दुकानदार इधर-उधर हो गए। पुलिस बल की मौजूदगी में शुक्रवार दोपहर बाद नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आशीष कुमार की अगुवाई में निकाय कर्मी बुलडोजर लेकर पहुंचे। दुकानों के ऊपर ताने गए अस्थायी तिरपाल आदि नोच दिए गए। इसके बाद तख्त आदि जब्त कर लिए गए। लकड़ी व टिनशेड की दस पेटियां पलटा दी गई। कई दुकानदारों ने ऐन वक्त पर सामान हटाया। इधर, एक वकील का टिनशेड में बना चैंबर हटाने के दौरान कुछ वकील एकत्र हो गए। उनकी ईओ से नोकझोंक हुई। वकीलों ने तर्क दिया कि अकबरपुर तहसील के बाहर की तरफ अतिक्रमण है।

वहां बुलडोजर नहीं चलाया जा रहा है। यहां केवल एक चैंबर है तो बुलडोजर लेकर आ गए। ईओ के समझाने पर वकील शांत हुए। बाद में चैंबर का ऊपर की तरफ रखा टट्टर बुलडोजर से हटवा दिया गया। वकील ने टिनशेड का चैंबर जल्द हटवाने की बात कही। इस पर मोहलत दी गई।

कार में स्क्रैच पर कुछ देर रुका अभियान : बुलडोजर अभियान के दौरान सड़क किनारे खड़ी एक वकील की कार आड़े आ गई। इसपर यातायात दरोगा ने वाहन पंजीयन के जरिये कार स्वामी वकील का मोबाइल नंबर पता किया और फिर उन्हें कॉल की। वकील के आने में देरी हुई। इधर, बुलडोजर से टट्टर ढहाए जाने के दौरान बांस का एक हिस्सा कार के बोनट से रगड़ गया। इस पर कार में स्क्रैच आ गया।

इसी दौरान वकील पहुंच गए और ऐतराज जताया। करीब पांच मिनट अभियान रुका रहा। बाद में वकील ने स्वेच्छा से कार हटा ली। इसके बाद बुलडोजर फिर से गरजा।



माती में कचहरी के बाहर बुलडोजर से हटवाया जाती अस्थायी दुकानें। संवाद

> माती कचहरी के बाहर की तरफ धीरे-धीरे कर तमाम लकड़ी व टिनशेड की पेटियां रखकर अतिक्रमण कर लिया गया। यहां भीड़भाड़ होने से जाम लगने की स्थिति आती है। दो माह पूर्व ही दुकानदारों को अस्थायी अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था, इसके बाद भी अनसुनी की जा रही थी। पिछले दिनों बैठक कर समझाया गया, इसके बाद डुग्गी मुनादी कराई गई। स्थिति जस की तस बनी रहने पर शुक्रवार को अभियान चलाकर बुलडोजर से अस्थायी अतिक्रमण ध्वस्त कराया गया है। – **आशीष कुमार,** अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अकबरपुर।

कहीं पर खाद नहीं तो कही लगा है ताला

अमरौधा बीपैक्स में रही किसानों की भीड़, जलपुरा बीपैक्स में लगा रहा ताला

संवाद न्यूज एजेंसी

कानपुर देहात/अमरौधा। रबी सीजन में बोआई के लिए किसानों को डीएपी की जरूरत है। इधर कई समितियों में ताला बंद होने व कई जगह खाद उपलब्ध नहीं होने से किसान परेशान हैं। जिन समितियों में खाद है वहां आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रही है। किसानों को लंबी कतार में लगकर इंतजार करना पड़ता है। इसके बाद खाद मिल पा रही है।

अमरौधा बीपैक्स में शुक्रवार को खाद के लिए किसानों की भीड़ रही। किसानों ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री जमा कराई, लेकिन इसके बाद भी देर शाम तक बारी नहीं आ सकी। इसकी वजह से बिना खाद लिए ही बैरंग लौटना पड़ा। अब शनिवार को दोबारा आना होगा। क्योटरा से लालमन ने बताया कि चार बोरी डीएपी मशक्कत के बाद मिली है। पातेपुर निवासी छोटेलाल ने बताया कि घंटों लाइन में लगे तब तीन बोरी डीएपी मिली।

ट्योंगा निवासी सोबरन सिंह ने बताया कि पांच बोरी डीएपी मिली है। इसी गांव के लालता प्रसाद ने बताया कि तीन बोरी डीएपी मिली है। समिति के सचिव करन सिंह ने बताया कि डीएपी की 231 बोरियां शेष हैं। यूरिया का 234 व एनपीके की 150 बोरियां उपलब्ध हैं। डीएपी की मांग अधिक है। 500 बोरी बोरियों के लिए एडवांस चेक लगा दी गई है। रैक आने पर यह खेप मिल जाएगी।

इधर जलपुरा बीपैक्स में ताला बंद होने से किसानों को बैरंग लौटना पड़ा। रामकुमार, दीपक आदि ने बताया कि यहां आने पर तालाबंद मिलता है। किसानों को समितियों से खाद मिलने में कोई लापरवाही न हो इसके निर्देश डीएम कपिल सिंह ने दिए हैं। जनपद में कुल 86 समितियां हैं। यहां से किसानों को खाद वितरण किया जा रहा है। डीएम ने बीते 6 नवंबर को 40 जिला स्तरीय अधिकारियों से इन समितियों का स्थलीय जांच कराई। इस पर डीएम ने सीडीओ तथा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को आवश्यक निर्देश दिए। व्यवस्था में तत्काल सुधार कराने और प्रथम दृष्टया दोषी कर्मियों पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।



अमरौधा बीपैक्स में खाद लेने को एकत्र किसान। संवाद

रजिस्ट्री जमा करने के बाद भी नहीं मिला खाद



अमरौधा बीपैक्स में शुक्रवार को खाद नहीं मिल रही। फार्मर रजिस्ट्री जमा करने के बाद भी खाद नहीं मिल रही। सचिव कह रहे हैं कि दो-तीन दिन बाद आना। बैरंग लौटना पड़ा है। - **बलवीर,** नौबादपुर



फार्मर रजिस्ट्री दिवाली के पहले जमा कर दी थी। समिति आने पर यहां टरकाया जा रहा है। जरूरत पर खाद नहीं मिल रही है। इससे बोआई में विलंब हो रहा है। - **अरविंद,** नौबादपुर।

> डीएपी की मांग अधिक है। जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध है। मांग के दृष्टिगत खाद खेप आनी है। कानपुर में रैक न लगने के कारण गहलौं गांव की समिति में खाद नहीं पहुंच पा रही है। एक-दो दिन में खाद की खेप आ जाएगी। इसपर जिन समितियों में खाद खत्म हो गई है वहां भेजी जाएगी। रूरा सहकारी समिति में टोकन के अनुसार खाद का वितरण कराया जा रहा है। – **आशीष कुमार मेहता,** अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक सहकारिता

गहलौं समिति में खाद नहीं, रूरा में लग रही है लंबी लाइन

रूरा। गहलौं स्थित साधन सहकारी समिति में 10 दिन से डीएपी नहीं है। किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। किसान समिति के चक्कर काटने को मजबूर हैं। इधर रूरा समिति में लंबी लाइन लग रही है। रबी सीजन में आलू, चना, गेहूं की बोआई के लिए डीएपी की जरूरत है। किसान सुबह से ही समितियों पर पहुंचकर खाद की जानकारी कर रहे हैं। गहलौं निवासी गोविंद कुशवाहा, अभय, नरसुझा के शिवस्वरूप सिंह, कृपाल सिंह व सुतनपुरवा के अन्नू व रमेश आदि ने बताया कि दस दिन से गहलौं गांव स्थित समिति में डीएपी नहीं है। इससे बोआई में विलंब हो रहा है। निजी दुकानों पर करीब चार से पांच सौ रुपये खाद महंगी है। समिति में डीएपी कब आएगी यह कोई नहीं बता रहा है। इधर, शुक्रवार को रूरा सहकारी समिति में सुबह खाद का वितरण शुरू हुआ तो सैकड़ों की संख्या में किसान यहां पहुंच गए। सचिव ने कहा कि पहले टोकन ले चुके किसानों को खाद दी जा रही है। इसके बाद किसानों ने लंबी कतार में लगकर टोकन के लिए कागज जमा किए। (संवाद)

प्रवासी श्रमिकों को खिलाई गई फाइलेरिया की दवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

कानपुर देहात। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग ने इस बार प्रवासी श्रमिकों और कभी दवा न खाने वाले लोगों पर विशेष ध्यान दिया है। दिवाली पर घर लौटे प्रवासियों को पीएसपी सदस्यों के सहयोग से फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई। भुगनियापुर और अकोढ़ी में कुल 64 लोगों ने पहली बार दवा का सेवन किया।

अकबरपुर ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर भुगनियापुर में पीएसपी सदस्य और कोटेदार गोपीनाथ द्विवेदी ने राशन की दुकान पर जागरूकता अभियान चलाया। यहां 25 प्रवासी श्रमिकों को विभागीय टीम के सहयोग से दवा खिलाई गई।

वहीं मलासा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर अकोढ़ी में सीएचओ मनीषा, फाइलेरिया रोगी बबीता, आशा रेशमा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रजनी ने 20 प्रवासियों, पांच कभी फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन न करने वाले और 14 दवा लेने से इन्कार करने वाले लोगों समेत 39 लोगों को दवा खिलाई।

पीएसपी सदस्यों ने दूर की भ्रांतियां, 19 नवंबर से सात दिसंबर तक चलेगा अभियान

जिला मलेरिया अधिकारी मारुति दीक्षित ने बताया कि प्रवासी श्रमिक काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं, जिससे एमडीए अभियान के दौरान दवा खाने से छूट जाते हैं। त्योहारों पर घर लौटने पर उन्हें दवा खिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है और हाथीपांव व हाइड्रोसील का कारण बन सकता है। कहा एमडीए अभियान 19 नवंबर से सात दिसंबर तक चलेगा।

दुख में मनुष्य भगवान को करता याद : ऋषभदेव

शिवली। देवनगर स्थित महामाई मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को आचार्य ऋषभदेव ने भगवान के 24 अवतारों, परीक्षित जन्म और कुंती चरित्र का वर्णन किया। आचार्य ने भगवान के 10 प्रमुख अवतारों मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध और कल्कि के बारे में बताया। कहा राजा परीक्षित ने ऋषि के गले में मृत सर्प डाल दिया था। इस पर उनके पुत्र ने सात दिन में सर्पदंश से मृत्यु का श्राप दिया था। इसके बाद राजा ने विद्वानों से सलाह ली और उन्हें शुकदेव जी से भागवत कथा सुनने का सुझाव मिला। वहीं कुंती चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने कुंती से वरदान मांगने को कहा तो उन्होंने दुख मांगा। कुंती ने कहा दुख में ही मनुष्य भगवान को याद करता है। इसलिए वह चाहती हैं कि हर परिस्थिति में उनकी भक्ति बनी रहे। यहां विनोद शुक्ला, शेखर त्रिवेदी, राम सिंह आदि रहे। (संवाद)

न्यूज डायरी

रनियां में विष्णुमहायज्ञ की तैयारी तेज

रनियां। सनातन धर्म प्रचार समिति रनियां की ओर से 20वां भव्य धार्मिक आयोजन 30 नवंबर से शुरू होगा। इसमें श्री विष्णु महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा, मानस पाठ एवं भजन होंगे। श्रीधाम चित्रकूट के कामदगिरि पीठाधीश्वर प्रमुख श्रीमद् स्वामी जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामस्वरूप आचार्य महाराज भी प्रवचन करेंगे।प्रबंधक विजय प्रकाश शर्मा ने बताया कि काशी से यज्ञाचार्य पूज्य राघव महाराज यज्ञ कराएंगे। भागवत कथा व्यास बिल्हौर के पूज्य पंडित गौरव कृष्ण महाराज कथा कहेंगे। चित्रकूट से रामजी पाठक, बिहार से प्रिया शिव दर्शनी रामायणी, देवरिया से अखिलेश मणि शांडिल, झांसी से कीर्ति किशोरी और मध्य प्रदेश के छतरपुर से भजन गायक पूज्य रविकांत तिवारी प्रस्तुतियां देंगे। 30 नवंबर को भव्य शोभायात्रा से होगी। एक दिसंबर से कथा प्रारंभ होगी। (संवाद)

पंचायत सचिवालय बंद मिला तो होगी कार्रवाई

संदलपुर। पंचायत सचिवालय बंद मिलने पर संबंधित पंचायत सहायक पर कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ संदीप कुमार ने शुक्रवार को सभी पंचायत सहायकों को नियमित रूप से पंचायत सचिवालय खोलने और ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बताया कि कई ग्राम पंचायतों से शिकायतें मिली हैं कि पंचायत सहायक समय से सचिवालय नहीं खोलते हैं। इससे ग्रामीणों को जाति, निवास और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भटकना पड़ता है। उन्होंने सभी पंचायत सहायकों को सुबह 10 से शाम पांच बजे तक सचिवालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। प्रतिदिन ऑनलाइन हाजिरी और फोटो पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। निरीक्षण में अनुपस्थित मिलने या सचिवालय बंद पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

स्व-गणना के प्रति जागरूकता के लिए निकाली रैली

रनियां। जनगणना और स्व-गणना के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिराना के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। ग्रामीणों को स्व-गणना के महत्व और इसकी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने गांव की गलियों में भ्रमण कर लोगों से जनगणना अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने को कहा। शिक्षक रूपा मिश्रा ने ग्रामीणों को स्व-गणना के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि इसके माध्यम से लोग निर्धारित प्रक्रिया के तहत स्वयं अपने और परिवार के सदस्यों की महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को स्व-गणना करने का तरीका, इसमें जरूरी जानकारियों और इसकी उपयोगिता के बारे में समझाया। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने जागरूकता संबंधी संदेश देकर ग्रामीणों को अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों ने ग्रामीणों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। (संवाद)

रोजगार सेवकों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

डेरापुर। वीबीजीरामजी के तहत कार्यरत रोजगार सेवकों ने शुक्रवार को विकास खंड कार्यालय पहुंच बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि रोजगार सेवकों का करीब चार करोड़ रुपये से अधिक का मानदेय बकाया है। इसके अलावा वर्ष 2015 से काटे जा रहे ईपीएफ का हिसाब भी नहीं दिया गया है। लंबे समय से मानदेय नहीं मिलने के कारण उन्हें परिवार का भरण-पोषण करने और बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने में परेशानी हो रही है। आर्थिक तंगी के चलते कई कर्मचारी दिवाली का त्योहार भी नहीं मना सके। उन्होंने शासन से बकाया मानदेय जल्द जारी कराने व ईपीएफ का ब्योरा उपलब्ध कराने की मांग की। रोजगार सेवक सीमा देवी, रूबी आदि मौजूद रहीं। (संवाद)

MAGH MELA 2026-27
PRAYAGRAJ MELA AUTHORITY
Triveni Bhawan, Triveni Bandh, Daraganj, Prayagraj
+91 532 2500775 / +91 532 2504011, maghmela26@gmail.com

The Prayagraj Mela Authority Invites below mentioned bids :-

1. Selection of Agency for Developing a Temporary Wellness Centre At Prayagraj.
2. Selection of Agency for Development and Management of Activity Zone in the mela area for Magh Mela 2026-27.
3. Request for Proposal (RFP) for allotment of land for Vending Zone and Thematic Park in the Mela area for Magh Mela 2026-27.
4. Allotment of Vending Zone at Triveni Marg in the Mela area for Magh Mela 2026-27.
5. Empanelment of agency(s) for Parking Facility Management at Magh Mela 2026-27.

The Request for Proposal Documents shall be made available on the Uttar Pradesh E-Procurement website https://etender.up.nic.in from Sr. No. 1 to 5- 14th November 2026 onwards. Interested parties may download/ upload their proposal and details regarding the tender shall be made available on Uttar Pradesh E Procurement website https://etender.up.nic.in.

Meladhikari
Magh Mela 2026-27
Prayagraj Mela Authority, Prayagraj.

पत्र संख्या 2097/पन्द्रह- मा.मे.-2027 (2026-27)
दिनांक 13 नवम्बर, 2026

बदलते मौसम में बच्चे-बुजुर्ग हो रहे बीमार

सुबह-शाम ठंड का असर होने से बढ़े खांसी, जुकाम और निमोनिया के रोगी

संवाद न्यूज एजेंसी

राजपुर। मौसम में तेजी से बदलाव के साथ गुलाबी ठंड ने बुजुर्गों और बच्चों की सेहत बिगाड़नी शुरू कर दी है। दिन में हल्की गर्मी और सुबह-शाम ठंड का असर लोगों पर पड़ रहा है।

स्थानीय सीएचसी पीएचसी में बुखार, खांसी, जुकाम और डायरिया से पीड़ित बच्चों की संख्या बढ़ गई है। पीएचसी की ओपीडी में रोजाना करीब 15-20 बच्चे पहुंच रहे हैं। निमोनिया से पीड़ित बच्चों को सांस लेने में परेशानी होने पर हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है।

सलेमपुर सीएचसी व राजपुर पीएचसी की ओपीडी में इन दिनों मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सुबह से ही ओपीडी में मरीजों की भीड़ लग रही हैं। चिकित्सकों के अनुसार कमजोर प्रतिरोधक क्षमता के चलते बच्चे सर्दी-जुकाम, बुखार की चपेट में आ रहे हैं।

बृहस्पतिवार को बच्चों का इलाज कराने बैना गांव आई से आई मालती देवी, खासबरा की फैहमिदा, रसूलपुर के बुजुर्ग जगजीवन सिंह ने डॉक्टरों को खांसी और गले में खराश की समस्या बताई। इसके अलावा पैलावर के सुरेश बाबू ने बेटे प्रखर (3) उल्टी दस्त और गले में खरखराहट की समस्या बताई। डॉ. आशीष मिश्रा ने स्वास्थ्य परीक्षण कर मरीजों को दवाइयां दी। निमोनिया के लक्षण मिलने पर दो बच्चों को मेडिकल कॉलेज में बाल रोग विशेषज्ञ से उपचार का परामर्श दिया।

बच्चों का रखें ध्यान

- सुबह-शाम नंगे पैर न घूमने दें।
- हवा और कोहरे से बच्चों का बचाव करें।
- गर्म कपड़े पहनाकर रखें।
- सर्दी-जुकाम होने पर तुरंत डॉक्टर से उपचार दिलाएं।
- तीन दिन से अधिक खांसी-जुकाम है तो जांच कराएं।

> बदलते मौसम में बच्चों की सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए सुबह और शाम ठंड से बचाने के लिए बच्चों को उचित गर्म कपड़े पहनाएं। उनके खानपान और साफ-सफाई का ध्यान रखें बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी और पौष्टिक आहार दें। बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाएं न दें बच्चे को लगातार बुखार, सांस लेने में परेशानी या खांसी बढ़ने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। – **डॉ. आशीष मिश्रा,** चिकित्साधिकारी राजपुर पीएचसी

आदर्श और क्रियाशील बालवाटिका बनाना ही हमारा मिशन : बीएसए

कानपुर देहात। बालवाटिका संचालन में सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहने वाला है। शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना है, आदर्श और क्रियाशील बाल वाटिका बनाना ही हमारा मिशन होना चाहिए। पेयर्ड हो चुके विद्यालयों में भी शिक्षामित्र द्वारा 5 से 6 वर्ष के बच्चों के साथ बालवाटिका का संचालन किया जाएगा। ये बातें बीआरसी अकबरपुर में चल रहे ईसीसीई प्रशिक्षण के दूसरे दिन शुक्रवार को पहुंचे बीएसए आशीष कुमार पांडेय ने ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी लेते हुए कहीं। बीएसए ने कहा बालवाटिका में हस्तपुस्तिका आधारित चार घंटे का शिक्षण कार्य अनिवार्य रूप से किया जाए। खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि परियोजना द्वारा दी जा रही सामग्री भली-भांति प्रदर्शित हो। बाल वाटिका के लिए दी जा रही सामग्री बच्चों की पहुंच में हो और नोडल शिक्षक कक्षा शिक्षण में उसका प्रयोग करें। एसआरजी अनंत त्रिवेदी ने जादुई पिटारा की 28 प्रकार की शिक्षण सामग्री से परिचय कराया। विकास के प्रत्येक क्षेत्र की किसी न किसी गतिविधि से जोड़ते हुए कक्षा शिक्षण के दौरान उसके प्रयोग के विषय में बताया। प्रशिक्षक हरे कृष्ण तिवारी ने हस्तपुस्तिका की नौ इकाई, दैनिक योजना और वार्षिक योजना, निपुण तालिका और समग्र प्रगति पत्र के विषय में प्रशिक्षकों की समझ स्पष्ट की। इस दौरान डीसी निपुण देवेश धर दुबे, वंदना, किरन, सुनीता वैस, मोनिका मिश्रा, शिक्षक संकुल मनु श्रीवास्तव, ऋतु साहनी, आकांक्षा कटियार आदि मौजूद रहे। (संवाद)

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

शाखा संदलपुर, कानपुर देहात: ग्राम व पोस्ट संदलपुर, जिला कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश 209715

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना [परिशिष्ट-IV ए] नियम 6 (2) व 8(6) व 9(1) के प्रावधान देखें,

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 6(2) व 8(6) व 9(1) के प्रावधान के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनः निर्माण और प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना।

जन साधारण तथा विशेषतः ऋणकर्ताओं, बंधककर्ताओं व गारंटरों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूतित ऋणदाता के पास रेहन रखी/प्रभारित/गिरवी निम्न उल्लेखित अचल संपत्ति जिसका कब्जा **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रत्याभूतित ऋणदाता के **प्राधिकृत अधिकारी** द्वारा लिया गाय है। इसकी बिक्री निम्न निर्दिष्ट बकाया राशि की वसूली हेतु **"जैसे है जहां है" "जैसे है जो है" और "जो कुछ वहां है"** के आधार पर की जाएगी।

ऋणकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/गारंटरों/प्रत्याभूतित परिसंपतिया/बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई–नीलामी की तिथि व समय, ईएमडी व बोली वृद्धि राशि निम्नानुसार है।

ई–नीलामी की तिथि: 19.12.2026 | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 18.12.2026 सायं 04.00 बजे तक

क्र. सं.	ऋणियों/जमानतदारों/बंधकदारों का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो	कुल बकाया	1. ई–नीलामी की तिथि 2. ई–नीलामी का समय (प्रारंभ समय से समाप्ति समय तक)	1. आरक्षित धनराशि/ 2. अग्रिम धनराशि/ 3. बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जा की स्थिति (सांकेतिक/भौतिक)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
1.	श्री ललित नारायण मिश्रा पुत्र राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, निवासी पीएनबी के पास, संजय नगर अकबरपुर, कानपुर देहात उत्तर प्रदेश–209101	भूमि एवं मकान के सभी भाग व खण्ड निर्मित निजी प्लॉट संख्या 18, क्षेत्रफल 149.33 वर्ग मीटर, गाटा संख्या 88 के कुल क्षेत्रफल 2.4780 हेक्टेयर से निकाला गया भाग, स्थित अधुकमलपुर, तहसील अकबरपुर, ज़िला कानपुर देहात, **मालिक:** श्री ललित नारायण मिश्रा, **चौहद्दी: पूर्व:** 15 फीट चौड़ी सड़क, **पश्चिम:** विक्रेता की शेष भूमि, **उत्तर:** अरुण राठौर का प्लॉट, **दक्षिण:** विक्रेता की शेष भूमि	रू. 31,59,432.87 + दिनांक 09.11.2026 से संविदात्मक दर पर मासिक किस्तों के साथ ब्याज एवं भुगतान की तिथि तक लागत, शुल्क एवं खर्चे सहित	ई–नीलामी की तिथि: 19.12.2026 ई–नीलामी का समय: दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक	रू0 11,81,000/- (आरक्षित मूल्य) रू0 1,18,100/- (अग्रिम धनराशि) रू0 10,000/- (न्यूनतम बिड बढोत्तरी राशि)	सांकेतिक कब्जा	17.12.2026 प्रारंभ समय: शाम 4:00 बजे से समाप्ति समय: शाम 5:00 बजे

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in/e-auction एवं Baanknet.com पर जाएं। इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी से मोबाइल नंबर 8601875717 पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 13.11.2026 स्थान: कानपुर देहात हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

Medical Helpline



स्मार्ट केयर हॉस्पिटल
मनोरोग, नशामुक्ति, न्यूरो एवं मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
मनोरोग और नशा मुक्ति
न्यूरो स्पेशलिटी
मल्टी स्पेशलिटी
भर्ती होने की सुविधा
सेक्स समस्या एवं काउंसलिंग
डॉ.कलीम अहमद
MBBS, MD (Psychiatrist)
FIPS, MAPA (USA), MBA
35+ वर्ष का अनुभव
24x7 जांच सुविधा
आयुष्मान कार्ड प्रवी इलाज
EEG, BBF
ECT, TDCS थेरेपी
ICU & C-ARM, OT
96/2 कर्नलगंज (घण्टे वाले मंदिर से पहले) चुन्नीगंज चौराहा, कानपुर
मो.: 9984786516, 9336412945
EMERGENCY 24x7 सुविधा उपलब्ध है

स्वास्थ्य | सुविधा | विश्वास
Reg.No.: H031747



डॉ. अतुल मिश्रा
गैस्ट्रोलीवर एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
B.Sc., B.H.M.S., R.N.S.H.M.C. (Gwalior)
M.D. (German Homoeo Gastro Liver Hospital)
& Dr. Hanfing German Homoeo Clinic
गैस्ट्रोलीवर एवं गुप्त रोग (मस्तिष्क एवं जलाशय रोग) होम्योपैथ राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष आरोग्य रोग
त्वचा रोग | श्वास रोग | पेट रोग | पथरी | मूत्र रोग
हड्डी रोग | पुरुषों में रोग | बाल झड़ना एवं गंजापन | मस्तिष्क रोग | स्त्री रोग
प्रतिदिन शुरुआती 40 मरीजों को निशुल्क परामर्श एवं जन सुविधा
अब नहीं करने पड़ेंगे ऑपरेशन, जब कहीं ना वह फायदा तब एक बार अवश्य मिले
9517505555 सुबह 11 से 2 बजे • शाम 6 से 9 बजे (गुरुवार अवकाश) 9555613655
G.5 मॉल क्लीनिक, कानपुर
19 वर्षों का अनुभव
गुरु नानक HP पेट्रोल पम्प के पास, कबाड़ी मार्केट चौराहा, फजलगंज, कानपुर

डॉ0 अभिनव सेंगर
(गैस्ट्रो सर्जन)
MBBS, MS, FIAGES, DNB-GASTRO SURGERY
पेट, पित्त, लीवर एवं पेनक्रियाज स्पेशलिस्ट
Call for Appointment : 7080999988, 7678447666
OPD का समय- 11am to 7pm
TULIP HOSPITAL
117/439, एच ब्लॉक, काकादेव, पाण्डु नगर, नियर पालीवाल डायग्नोस्टिक कानपुर